ST. FRANCIS DE SALES COLLEGE
A FRANSALIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION AUTONOMOUS
NAAC A GRADE • AFFILIATED TO BANGALORE UNIVERSITY • AICTE APPROVED • 2(F) & 12 (B) RECOGNITION OF UGC • ISO 9001:2015 CERTIFIED
Electronics City P.O., Bengaluru - 560 100, Karnataka, INDIA (+91) 8088140679 pro@sfscollege.in www.sfscollege.in

# END SEMESTER EXAMINATION – MAY 2025
# HINDI - II SEMESTER BCOM
# 24BCO21H: KAVYA MANJUSHA PATRA LEKHAN AUR SANKSHEPAN

**Time: 3 Hours** **Max. Marks: 80**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए:** **10X1=10**

1. हनुमान जी को कौन सा वरदान प्राप्त था?
2. गुणहीन व्यक्ति की तुलना किसके साथ की गई है?
3. मीराबाई ने नृत्य करने के लिए क्या त्याग दिया है?
4. झांसी की रानी का बलिदान किस उम्र में हुआ था?
5. बंदी जीवन ने किसका अंत कर दिया?
6. कैकेयी किसे सुख नहीं दे सकी?
7. शक्ति के बल पर आदमी कहां तक उठ सकता है?
8. संयुक्त परिवार में आने वालों का क्या किया जाता था?
9. सभ्यता की दौड़ में मनुष्य पीछे क्या छोड़ता है?
10. कल तक विज्ञान को कहां तक सीमित माना जाता था?

**II. किन्हीं दो का संदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:** **2X7=14**

1. पतवारी माला पकरि, और न कछु उपाय I
   संसार पयोधि कौन ,हरि नावै करि नाउ II

2. हर आदमी के रगों में
   छुपी होती है आग शक्ति की
   अपरिमित और असीम,
   जिसके बल से वह उठ सकता है
   धरती से आकाश तक
   मनुज में देवत्व के विश्वास तक I

3. जीवन नाटक का अंत कठिन है मेरा
प्रस्ताव मात्र में ही जहां अधैर्य अंधेरा
अनुशासन ही था मुझे अभी तक आता
करती है तुमसे विनय आज यह माता

## III. किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2X15=30

1. जीवन एक युद्ध भूमि है ऐसा कवि क्यों कहते हैं ?स्पष्ट कीजिए I
2. संयुक्त परिवार एकता और अपनापन का संदेश देता है, इस पर आपका क्या विचार है? स्पष्ट कीजिए I
3. वैज्ञानिक युग क्या था? क्या है ? इस कविता का सारांश लिखकर विशेषताओं पर प्रकाश डालिए I

## IV. किसी एक पर टिप्पणी लिखिए: 1X6=6

1 .सुंदरकांड I

2. बिहरी के काव्य में कृष्ण भक्ति I

## V. कोई एक पत्र लिखिए; 1X10=10

1. मोहन प्रकाशन धरवाड़ की ओर से जली हुई दुकान की क्षतिपूर्ति करने संबंधी, व्यवस्थापक जनरल इंश्योरेंस सोसाइटी के नाम एक बीमा पत्र लिखिए I
2. पुष्पमाला ग्रंथालय मैसूर से मूल्य संबंधी पूछताछ करते हुए, सर्वश्री साहित्य भवन आगरा के नाम एक पत्र लिखिए I

## VI. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण लिखिए: 1X10=10

बेरोजगार की समस्या नई नहीं है I किंतु हाल के वर्षों में कुछ सामाजिक आर्थिक और परिवर्तनों के कारण इसका स्तर एवं इसकी गंभीरता बहुत बढ़ गई है I प्रथमता हमारी अर्थव्यवस्था एक ओर बढ़ती हुई आबादी और दूसरी ओर हस्तचालित मशीनों से शक्ति चालित मशीनों में परिवर्तित होने के बढ़ते हुए प्रभाव के कारण अव्यवस्थित हो गई है I द्वितीयता देश की मध्यवर्गीय अर्थव्यवस्था भूमि का सहारा खो देने तथा संयुक्त परिवार के टूटने के कारण अव्यवस्थित हो गई है I प्रायः प्रत्येक परिवार मे एक घर था और भूमि से कुछ न कुछ आय थी I संयुक्त परिवार की प्रथा के साथ यह बीमारी और बेकारी के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता था I हम सबका यह सामान्य अनुभव है कि आर्थिक परिस्थितियों के दबाव के कारण संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहा है और पारिवारिक भूमियां शीघ्रतापूर्वक गायब हो रही है I आर्थिक विधान ने उस क्रिया को अधिक तेज बना दिया है I

ST. FRANCIS DE SALES COLLEGE
EXCELLENCE • EFFICIENCY • TRANSFORMATION
ELECTRONICS CITY, BENGALURU